भा0कृ0अ0प0–उत्तरी शीतोषण क्षेत्रीय केन्द्र
(भा0कृ0अ0प0–केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान)
गड़सा, कुल्लू, (हि0 प्र0)–175 141

क्रमांक 5(2)बिल्ड/84/बोल–1/911 दिनांक 04.10.2016

उद्धरण (कुटेशन) आमन्त्रण नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस संस्थान के निम्नलिखित कार्य करने हेतु अध्यक्ष, उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केन्द्र, गड़सा द्वारा अनुबन्ध के लिए सादे कागज पर स्वहस्ताक्षरित कुटेशन मोहर बन्द लिफाफे में आमन्त्रित किए जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति/ पार्टियां अपने कुटेशन दिनांक 25.10.2016 को समय 12.00 बजे तक इस कार्यालय मे जमा करवा सकते हैं। जो उसी दिन दिनांक 25.10.2016 को दोपहर बाद 2.30 बजे गठित कमेटी द्वारा खोली जाएगी :

कम संख्या	कार्य का विवरण	अनुमानित वर्गफुट	कार्य को पूरा करने का समय
1.	केन्द्र के कार्यालय एवं प्रयोगशाला भवन के ऊपर लगी जी आई शीटों एवं भवन की बाहरी सतह पर पेन्टिग(दो कोट) का कार्य	13900 वर्गफुट	01 मास

नियम एवं शर्तें:

1 उपरोक्त कार्य हेतु सबसे कम व उचित दरें ही स्वीकार की जाएगीं। दरों को प्रति वर्गफुट के हिसाब से भरनी होगी। यदि आवश्यक समझा गया तो दर के बारे में बातचीत (नेगोसिएसन) की जा सकती है। फिर भी प्राप्त किसी एक या सभी कुटेशनों को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित है।

2 कुटेशन के साथ रू. 500/– (पांच सौ रुपये मात्र) बतौर साई राशि जमा करवानी होगी यह राशि सफल ठेकेदार को छोड़ कर ठेका की कार्यवाही पूर्ण होने के तुरन्त बाद लौटा दी जाएगी।

3 सफल ठेकेदार को कुल ठेका राशि का 10 प्रतिशत बतौर धरोहर राशि जमा करवानी होगी जिस में साई राशि भी समायोजित की जा सकती है। धरोहर राशि बैंक ड्राफ्ट जो सी. एस. डव्लयु. आर.आई. यूनिट एन. टी. आर. एस. गड़सा, के नाम भारतीय स्टेट बैंक भून्तर पर देय हो अथवा एफ.डी.आर. जो अधोहस्ताक्षरी के नाम गिरवी रखा गया हो, द्वारा भी जमा करवा सकते हैं। यह राशि ठेकेदार को लिखित प्रार्थना पर ठेका सन्तोषजनक समाप्त होने पर लौटा दी जाएगी।

4 पेन्ट एवं ब्रश इत्यादि केन्द्र द्वारा उपलब्ध करवाये जायेगें जोकि निर्धारित जगह से ठेकेदार को उठाना होगा।

5. कार्य के लिए कोई औजार उपलब्ध नहीं करवाये जाएंगे। औजारों की व्यवस्था ठेकेदार को स्वंय करनी होगी।

6. ठेकेदार या उस के प्रतिनिधि द्वारा संस्थान की सम्पति को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुँचाया जाएगा । यदि नुकसान होता है तो उसकी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगीं। 1 यदि ठेकेदार या उसके द्वारा लगाए गये मजदूर किसी असामाजिक गतिविधियों मे संलिप्त पाए गए तो ठेका तुरन्त निरस्त किया जाएगा ।

7. सन्तोषजनक कार्यपूर्ति के बाद बिल का भुगतान, बिल प्रस्तुत करने, पैन न0 के इन्द्राज करने व प्रभारी सम्पदा द्वारा सत्यापित करने के बाद, लेखाधिकारी, केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर द्वारा 45 दिनों के भीतर किया जाएगा। नियमानुसार आयकर तथा अधिभार (जो लागू होगा) काटा जाएगा ।

8. निदेशक/ अध्यक्ष को बिना कोई कारण बताए, किसी भी या सभी कुटेशनों को रद् करने का अधिकार सुरक्षित होगा ।

04/10/16

अध्यक्ष

1. नोटिस बोर्ड, उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केन्द्र, गड़सा ।
2. प्रधान, ग्राम पंचायत गडसा, दियार, शियाह, हुरला व थरास।
3. प्रभारी ए0के0एम0यू0 भा0कृ0अ0प0–केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान,अविकानगर,राजस्थान–304501 को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त नेटिस को संस्थान की बेवसाइट पर अपलोड़ करने की अनुकम्पा करें।
4. प्रभारी सम्पदा अनुभाग।